## खबर संक्षेप

### बरबटी छात्रावास की प्रभारी अधीक्षिका एवं शिक्षक निलंबित

**मण्डला।** आदिवासी कन्या सीनियर छात्रावास बरबटी में छात्रा के साथ छेड़छाड़ तथा कर्तव्यों में लापरवाही के कारण छात्रावास की प्रभारी अधीक्षिका तथा एक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा से छेड़छाड़, छात्राओं की उचित देखभाल न करना, पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही तथा कारण बताओ नोटिस का 24 घण्टे में प्रतिउत्तर प्रस्तुत नहीं करना दण्डनीय कृत्य है। शिक्षक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर जिला जेल भेजा गया है। जिला प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से माध्यमिक शिक्षक मनोज चक्रवर्ती को निलंबित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मवई निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार प्राथमिक शिक्षक (प्रभारी अधीक्षिका) श्रीमती तारा बरकड़े को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, उदासीनता बरतने, कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषप्रद व समाधानकारक न होने के कारण तथा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव निर्धारित किया गया है।

### आंगनवाड़ी केन्द्र राजीव कॉलोनी में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित

**मण्डला।** संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के द्वितीय दिवस में आंगनवाड़ी केन्द्र राजीव कॉलोनी में विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पी.सी.पी.एन.डी.टी.एक्ट, एस.आर.बी. (लिंगानुपात) एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट के तहत लिंग जांच करवाना एवं गर्भपात कराना कानून के विरूद्ध है। इसके लिये सजा का प्रावधान है। इस प्रकार भ्रूण रूप में ही कन्या की हत्या करना कानूनी जुर्म है। इसलिये इन्हे रोकना अनिवार्य है ताकि लोग जन्म के समय लिंग भेदभाव से दूर होकर आने वाले बच्चे के प्रति सम्मान का भाव रखें। स्त्री और पुरूष दोनों ही मिलकर सृष्टि का निर्माण करते हैं।

### आईडीबीआई बैंक द्वारा स्कूलों के लिए 4 कम्प्यूटर सिस्टम प्रदाय किए गए

**मण्डला।** आईडीबीआई बैंक शाखा मंडला द्वारा सीएसआर मद से 4 कम्प्यूटर सिस्टम जिले में स्कूली छात्र-छात्राओं के हितार्थ जिला प्रशासन को प्रदाय किए गए। प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार विद्यालयों को यह कम्प्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराए जाएंगे। बैंक के शाखा प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने कलेक्टर सोमेश मिश्रा के समक्ष कम्प्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराए। इस दौरान समाजसेवी श्री संजय तिवारी मौजूद रहे।

## उत्साह के साथ मनाई गई नगर में डोल ग्यारस

# जल बिहार करने निकले श्री भगवान





*** धर्मशाला घाट में आयोजित हुआ मेला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भाद्रप्रद की शुक्ल पक्ष की ग्यारस को डोल ग्यारस के रूप में मनाया जाता है बहुत जगह इस डोल ग्यारस को जल झूलनी ग्यारस के रूप में भी जाना जाता है। इस पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी तथा भगवान श्रीराम, श्रीलक्ष्मण एवं माता जानकी को मंदिरों से निकालकर डोलो में विराजित कराया जाता है और फिर इन डोलों को गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण कराते हुये माँ नर्मदा के घाटों पर ले जाया जाता है जहां इन डोलो को माँ नर्मदा में जल बिहार कराया जाता है। इस दौरान भजन कीर्तन एवं राधे-राधे के बोलों से गलियाँ गुंजायमान रहती है। रास्ते में जगह-जगह लोग इन डोलो में विराजित भगवान को प्राणाम करते हैं उन्हें विभिन्न पकवानों का भोग अर्पित करते हैं।

### बाढ़ के चलते सीमित रहा जल बिहार

लगातार हो रही बारिश के चलते माँ नर्मदा का जल स्तर बढ़ा हुआ है ऐसे में बाढ़ की स्थिति को देखते हुये सुरक्षा की दृष्टिकोण से न केवल लोगों को नाव में घूमने से मना किया गया बल्कि भगवान के डोलों को भी सांकेतिक रूप से घाट के किनारे-किनारे ही नौकाबिहार कराया गया। भगवान के इस नौकाबिहार को देखने लोग धर्मशाला घाट, रंगरेज घाट एवं वैद्य घाट परिवार सहित पहुंचे और डोलों में विराजित श्रीकृष्ण राधा के दर्शन कर धर्मलाभ उठाया।

### गांधी मैदान में भरा मेला

प्रत्येक वर्ष डोल ग्यारस पर्व पर धर्मशाला स्थित गांधी मैदान में मेला भरा जाता है झूला पुल के निर्माण के बाद चूंकि स्थान कम बचा है लिहाजा मेले का आकार सीमित हो गया है फिर भी मेले में विभिन्न तरह की दुकानें लगाई गई और विशेष रूप से बच्चों ने इसका आनंद उठाया। महिलाओं ने भी मेले में लगी दुकानों से खरीददारी की।

लगातार जर्जर होते जा रहे इस क्षेत्र में घाटों से अब मेले का आकार भी प्रभावित हो रहा है इन घाटों में ज्यादा संख्या में लोगों को खड़े नहीं होने दिया जाता इसके साथ ही धर्मशाला में भी अब बड़ी संख्या में लोगों के प्रवेश करने की स्थिति भी सीमित कर दी गई है।





## जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बैठक में जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्रों की गतिविधियों के विषय में जानकारी ली। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री नंदकिशोर वास्कले ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में निवेश एवं प्रोत्साहन केन्द्र स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से सिंगल विंडो क्लीयरेंस की सुविधा होगी। इसका उद्देश्य जिले में निवेश को प्रोत्साहन देना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन करना है। इसके लिए 15 सदस्यी समिति का गठन किया गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025 के माध्यम से जिले को 3 बड़े प्रोजेक्ट औद्योगिक प्रक्षेत्र मनेरी में प्राप्त हुए हैं। जिनके लिए औद्योगिक भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। एक औद्योगिक इकाई का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निवेश संवर्धन की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि स्थानीय स्तर पर भी उद्योगपतियों एवं निवेशकों के साथ बैठक आयोजित करें। नवीन औद्योगिक प्रक्षेत्र मोहनिया पटपरा को यथाशीघ्र विकसित कराएं। जिससे यहां पर औद्योगिक इकाईयों के लिए प्रक्रिया की जा सके। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारियों के साथ निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### मानव अधिकार आयोग के लम्बित प्रकरणों को गंभीरता से लें-अपर कलेक्टर

**मण्डला।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में मानव अधिकार आयोग के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि मानव अधिकार आयोग के लम्बित प्रकरणों को गंभीरता से लें। समय पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने लम्बित 21 प्रकरणों की प्रकरणवार बारीकी से समीक्षा करते हुए विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य श्रीमती वंदना गुप्ता, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मनोज भास्कर, डीपीसी श्री अरविंद विश्वकर्मा, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती शालिनी तिवारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## पारंपरिक सिंधी डिश के साथ लगाए लजीज व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



गणेशोत्सव पर्व पर श्री झूलेलाल कॉलोनी सुभाष वार्ड में महिलाओं के द्वारा फूड स्टॉल का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और युवाओं ने पहल करते हुए सिंधी पारंपरिक डिश के साथ अनेक लजीज व्यंजन शामिल किये। खास बात रही की सभी डिश अलग-अलग किस्म के रहे। इसमें ढोढा चटनी, पुलाव आलू, दाल पकवान, इडली सांभर, डोसा, ढाबेली, समोसा, दही एवं अनेक लजीज चटपटे व्यंजन खास रहे। आयोजित स्टॉल में बच्चों ने गेम्स की टेबिल लगाई, इसमें बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। महिलाओं ने बताया कि इसका उद्देश्य गणेशोत्सव पर्व को सेलिब्रेट करने के साथ-साथ पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा देना है,फूड स्टॉल के लिए महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया, इसमें छोटी उम्र से लेकर बड़ी उम्र तक की महिलाओं ने सहभागिता करते हुए लजीज व्यंजन के स्टाल लगाए। महिलाओं ने इसके लिए विशेष तैयारी की और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने में अहम योगदान दिया। महिलाओं ने धार्मिक संदेश देते हुए फूड स्टॉल में भगवान गणेश के जयकारे लगाए। आयोजित फूड स्टॉल में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

### पारंपरिक सिंधी व्यंजन रहे खास

श्री झूलेलाल गणेशोत्सव समिति के द्वारा आयोजित पहली बार फूड फेस्टिवल लोगों के लिए मनोरंजन का केंद्र रहा, इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता करते हुए आयोजन की तारीफ की आयोजन में खास बात रही कि इसमें सिंधी डिश को प्राथमिकता मिली और इसके साथ ही नए नए स्वादिष्ट व्यंजनों को शामिल किया गया। महिलाओं के साथ-साथ बच्चों में भी विशेष उत्साह देखा गया।

### उर्वरक एसएसपी अमानक पाए जाने पर क्रय-विक्रय प्रतिबंधित

**मण्डला।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत उर्वरक एसएसपी, विक्रेता लेम्प्स केहरपुर के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में अमानक पाए जाने के फलस्वरूप संबंधित लॉट व बैच नंबर FEB-MB124PP-00209 तथा एसएसपी उर्वरक के विक्रेता एमपी स्टेट कॉपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड निवास के लॉट व बैच नंबर एपीके/डी/जी/03 के उर्वरकों का जिले में क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

## श्री गणेश जी की मनोहारी प्रतिमायें



शिवनंदन सेवा समिति रामलीला मैदान नारायणगंज



रंगरेज घाट चौराहे पर स्थापित भगवान श्री गणेश



धर्मशाला द्वार के समीप विराजित श्री गणेश



बाल्मीक समाज द्वारा स्थापित श्री गणेश

**निर्देश** | उर्वरक की उपलब्धता के आधार पर वितरण का बेहतर प्रबंधन आवश्यक।

# वीडियो कॉफ्रेंस के जरिए सीएम का निर्देश

*** उर्वरक की उपलब्धता से बड़ी परेशानी।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जिलों में उपलब्ध उर्वरक के वितरण का बेहतर प्रबंधन आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर बेहतर प्रबंधन जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। कहीं भी किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिये। मुख्यमंत्री बुधवार को वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से कमिश्नर-कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डबल लॉक केन्द्रों से उर्वरक विक्रय के संबंध में दमोह, धार तथा जबलपुर जिलों में अपनायी गयी रणनीति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी जिला कलेक्टर यह सुनिश्चित करायें कि विभिन्न किसान संगठनों से संबंधित अधिकारी सतत संपर्क में रहें। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी से अवगत कराते रहें। आवश्यकता अनुसार टोकन डबल लॉक केन्द्रों से वितरित न कराते हुए अन्य स्थल से करायें जिससे भीड़ को नियंत्रित करने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को देखते हुए सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन संभाग में मिलेट का उत्पादन होता है, वहाँ मिलेट फसल की एमएसपी पर खरीदी के लिए किसानों का पंजीकरण 22 सितम्बर से शुरू करायें और समय पर पंजीकरण पूर्ण करायें। वीडियो कॉफ्रेंस में फसल क्षति, जन हानि, पशु हानि के प्रकरणों के समय पर निराकरण तथा नरवाई प्रबंधन के लिए अभी से जागरूकता अभियान चलाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। मण्डला एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, उपसंचालक कृषि अश्वनी झारिया, डीएमओ राम स्वरूप तिवारी, एसएलआर हीरालाल तिवारी सहित संबंधित शामिल हुए।

### बीज अमानक पाए जाने पर क्रय-विक्रय एवं भंडारण प्रतिबंधित

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीज नियंत्रण आदेश 1983 के तहत बीज एवं किस्म PADDY TMRH-5544, विक्रेता संस्था मेसर्स रेवा कृषि सेवा केन्द्र सब्जीमंडी मंडला के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में अमानक पाए जाने के फलस्वरूप संबंधित लॉट व बैच नंबर 29161568 तथा विक्रेता जय भवानी कृषि केन्द्र पिपरिया के बीज एवं किस्म PADDY MTU-1010 के लॉट व बैच नंबर APR-25-36-1007(P) F No. 4145 के बीज का जिले में क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

## गणेश उत्सव की धूम


नगर के चीचली तिरहा सिंधी कालोनी में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा।


श्याम टाकीज के पास स्थापित गणेश प्रतिमा।


बल्लभ मार्केट में स्थापित गणेश प्रतिमा।


दक्ष स्कूल के पास स्थापित प्रतिमा।


पीजी कालेज के पास स्थापित की गई प्रतिमा


साहू मुहल्ला में स्थापित गणेश प्रतिमा।

**शुभारंभ के लिये भवन पुताई के बाद आज तक नहीं ली किसी अधिकारी ने कोई खबर, कैसे लग पायेगी बढ़ते हुये अपराधों पर रोक.......**

# क्या घोषणा तक ही सीमित होकर रह गई सांईखेड़ा थाना क्षेत्र की बम्हौरी कला पुलिस चौकी की स्थापना

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

प्रदेश से लेकर जिला में ग्रामीण क्षेत्रों की कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिये जहां आये दिन नये नये पुलिस थानों से लेकर पुलिस चौकियों की घोषणा करते हुये वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों को बैठाया जा रहा है। मगर हमारे जिले के थानों का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है कि जहां पुलिस द्वारा जब अपराधियों पर शिकंजा कसने की शुरूआत करती है तो उन अधिकारियों पर राजनैतिक दबाब आने के चलते वह खुलेकर कुछ नही कर पाते है इसी का परिणाम है कि अपराधों में बढ़ोत्तरी होना आम बात होती चली जा रही है..। वही पुलिस थानों की बागड़ोर प्राप्त करने के लिये लक्ष्मी पूजन को ही महत्व दिये जाने के कारण कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी जहां स्टोर रूम में जमा होकर रह जाते है और पहुंच पकड़ अनुभवहीनों के हाथों में बागडोर पहुंच जाती है...? कुछ इसी प्रकार का हाल पुलिस चौकियों में भी देखने मिल रही है। प्रदेश शासन द्वारा नई चौकियों की स्थापना की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुछ वर्ष पहले दो नई पुलिस चौकियों के स्थापना की घोषणा होने के बाद जब यह खबर अखबारों में आई हुई थी तो लोगों में इस बात की खुशी थी कि निश्चित तौर से हमारे क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार देखने मिलेगा8 मगर वह घोषणा आज भी घोषणा तक ही सीमित होते हुये जान पड़ रही है। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पहले गाडरवारा तहसील क्षेत्र के लिये नई पुलिस चौकी स्थापित होने की घोषणा के अनुसार समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर तथा सांईखेडा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी कला में नई पुलिस चौकी स्थापित होना थी। इन चौकियों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो ग्राम कल्याणपुर में नई पुलिस चौकी की स्थापना को लेकर शुरूआत तो हो








चुकी है। मगर यही पर काम करने के लिये डोगरगांव पुलिस थाने में पदस्थ कभी किसी ए एस आई तो कभी किसी हबलादार को भेज दिया जाता है जो अपनी चौकी को खोलने की औपचारिकता पूर्ण कर ली जाती है। यहां पर अभी तक न तो विधिवत रूप से पुलिस चौकी का निर्माण हुआ है और न ही पुलिस लाईन से चौकी प्रभारी के रूप में किसी पुलिस अधिकारी को नियुक्त किया गया है। वही दूसरी ओर इससे गया बीता हाल सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाली बम्हौरी कला पुलिस चौकी का देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि घोषणा के कुछ दिनों के उपरांत यहां पर पुलिस चौकी स्थापना को लेकर हलचले तो शुरू हुई थी जिसके चलते ग्राम बम्हौरी में पुलिस चौकी स्थापना को लेकर एक भवन का रंग रोगन करते हुये उसे उसी हाल में छोड़ देने के कारण जहां पुलिस चौकी के नाम से सजे हुये इस भवन में गंदगी का अम्बार देखने मिल रहा है जो सरकार के स्वच्छता अभियान को ग्रहण लगाने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर ग्रामवासियों ने चर्चा के दौरान बताया गया आज तक यहां पर न तो कोई अधिकारी आया है और न ही कोई कर्मचारी सिर्फ कुछ समय पहले यहां पर पुलिस चौकी के नाम पर एक भवन की पुताई कराते हुये छोड़ दिया गया है..? इस सच्चाई को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शासन की गई पुलिस चौकियों की स्थापना की घोषणा मात्र मंच तक ही सीमित होकर रह चुकी है..? हो सकता है कि पुलिस विभाग के कागजों में यह पुलिस चौकिया पूरे नियम से संचालित होने के साथ साथ यहां पर पदस्थ अधिकारी अपने मुख्यालय के कार्यालयों में बैठकर सेलरी प्राप्त कर रहे हो.. खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो पुलिस विभाग व भगवान ही जाने..? मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिले के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा निष्ठा के साथ प्रयास किये गये होते तो यह पुलिस चौकी अपने आस्तित्व में आ चुकी होती है और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहे अपराधों में गिराबट देखने मिल सकती थी। ऐसा नही है कि पुलिस विभाग में इन चौकियों का संचालन करने के लिये अधिकारियों की कमी है। क्योंकि अनेक टीआई से लेकर एस आई स्तर के अधिकारी पुलिस लाईन में थानों से लेकर पुलिस चौकियों में नैनाती के लिये प्रयास करते हुये देखे जा रहे है। मगर इसके बाद भी इन चौकियों में अधिकारियों की नियुक्त होने की जगह लटकते हुये ताले अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की निष्ठावन कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाने से नही चूक रहे है..? इसी का परिणाम है कि जहां गांव गांव खुलेआम अवैध शराब से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में बढ़ोत्तरी होने से नही चूक पा रही है।

## डोल ग्यारस के मौके पर विमानों पर आरूढ़ भगवान का पूजन करने उतावले हुए भक्त

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** चल रहे गणेश उत्सव के दौरान जिस तरह लोगों में उत्सह देखने मिल रहा है उसके चलते लग रहा है कि वह बीते हुये वर्षो की कसर को पूरा करन में कोई कमी नही छोड़ना चाहते है। क्योंकि बीते हुये साल डोल ग्यारस के मौके पर जिस तरह बारिश का दौर चला था उसके चलते लोग भगवान की पूजन से बंचित नजर आ रहे थें। कुछ इसी प्रकार का हाल इस वर्ष भी देखने मिल रहा है। क्योंकि लगातार हो रही बारिश के चलते जहां लोग बप्पा का दर्शन करने के लिये अपने घरों से नही निकल पा रहे है। मगर डोल ग्यारस के अवसर पर शाम के समय बारिश में कुछ देरी के लिये लगे हुये ब्रेक से लोग भगवान के मंदिरों से लेकर सड़को से निकले हुये बिमानों का पूजन करते हुये देखे गये। वही गणेश भक्तों में जहां अलग ही उत्साह दिखाई पड़ रहा था। वही कल बुधवार को डोल ग्यारस के मौके पर निकले हुये विमानों पर भगवान की पूजन करने के लिये लोग सड़को पर भीड़ देखने मिली। बताया जाता है कि डोल ग्यारस पर्व के अवसर पर कल बुधवार को शहर के मंदिरों से सुसज्जित विमानों पर अरूढ़ होकर भगवान जल बिहार करने के लिये ढलती सांझ की बेला में निकले जिसके चलते जहां लोगों में भगवान के विमानों को देखते हुये उत्साह देखने मिल रहा था। वही इस प्रकार से नगर के प्रमुख मार्गो पर धूमधाम के साथ निकाले गए भगवान के इन विमानों के सामने भगवान के भक्त गण शंख, घंटे बजाते हुए चल रहे थें। इस दौरान भगवान के दर्शन, पूजन के लिए



उतावले लोग अपने घरों के सामने भगवान के विमानों को रोक रोक कर श्रद्धाभाव से भगवान का आशीष प्रा्रप्त करते नजर आ रहे थें। नगर के मंदिरों से निकले भगवान के विमानों का ठहराव कुछ घंटो के लिए नगर के राम मंदिर के सामने हुआ ओर बाद में ये विमान झंडाचौक के समीप पहुंच जहां पर रात भर अनेक प्रकार के आयोजन चलते रहे इसके बाद दूसरे दिन यानि की आज सुबह की बेला में शहर की जीवन रेखा माने जाने वाली शक्कर नदी के छिडाव घाट पहुंचे जहां भगवान ने जल बिहार किया। इस प्रकार से डोल ग्यारस पर निकाले गये भगवान के विमानों की अलग प्रकार से ही छटा देखने मिल रही थी वही संपूर्ण नगर धर्ममय होते हुये देखा जा रहा है नगर के चारो ओर शंख व घंटों की मनोरम आवाज सुनााई पड़ने के कारण पूरे नगर का वातावरण अनोखें रूप में दिखाई देने से नही चूक पा रहा था, इस प्रकार से डोल ग्यारस के मौके पर लोगों के घरों में पूजन के कार्यक्रम भी होते हुये देखे गये।

## अलग अलग स्थानों से पुलिस ने जप्त की अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये चलाई जा रही धरपकड़ मुहिम के चलते लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों पुलिस द्वारा नगर के हनुमान वार्ड में रंजीत पिता मुन्ना लाल रजक निवासी रायल्टी आफिस के पास से 10 लीटर कच्ची तथा रवि पिता गुलाब सिंह ठाकुर के पास से 10 लीटर व मरघटा मुहल्ला में छोटू पिता इमरत लाल राजपूत निवासी विवेकानंद वार्ड के पास से 5 लीटर जप्त की गई। इसी प्रकार से सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम आंडेगांव में वही के निवासी बालकृष्ण पिता हरचंद अहिरवार अहिरवार के पास से 16 पाव देशी शराब एवं नगर के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में लेखराम पिता बड्डा धानक निवासी नद्दी मुहल्ला के पास से 5 लीटर कच्ची,नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में मोहन पिता लाल कुंवर कौरव निवासी नर्मदा कालोनी के पास से 5 लीटर कच्ची व एक महिला के पास से 5 लीटर तथा नदी मुहल्ला में सोनू पिता नरबदी जाटव के पास से 5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची तो नगर के हनुमान वार्ड में संतोष पिता राधे श्याम कीर निवासी निरंजन वार्ड में 5 लीटर कच्ची शराब तथा सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत छोटी बनखेड़ी रोड पर भैयाजी पिता जेठा भाई गुर्जर निवासी छोटी बनखेड़ी के पास से 18 पाव देशी तो सालीचौका तालाब के



पास सोनू पिता डालचंद कहार निवासी नयाखेड़ा के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। वही चीचली पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंहपुर छोटा में वही के निवासी संतोष पिता लालजी ठाकुर के पास से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस द्वारा भी अपने क्षेत्र के ग्राम कोसकरपा नदी के पास उमेश पिता क्रेश ठाकुर के पास से 18 पाव देशी प्लेन व तूमडा रोड पर मंझले पिता शंकर कहार निवासी ग्राम मुंआर के पास से 17 पाव देशी तो ग्राम महेश्वर में वही के निवासी राजकुमार पिता मुरलीधर कहार के पास से 18 पाव देशी शराब जप्त करते हुये करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया।

## मंगलवार की रात हुई बारिश के चलते सीतारेवा नदी चीचली पुल के ऊपर, गांगई व पीतल नगरी का टूटा संपर्क

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते शासकीय रिकार्ड के अनुसार अभी तक 61 इंच बारिश होना बताया जा रहा है जो निश्चित तौर से बीते हुये कई वर्षो का रिकार्ड तोड़ते हुये दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर गाडरवारा क्षेत्र के सामान्य वर्षा के आंकडे को अगस्त माह में ही पार कर लिया गया था। वैसे भी देखा जावे तो भादों माह बारिश के लिये प्रमुख माना जाता है इस स्थिति में चल रहे भादों माह का पूरा एक पखबाड़ा शेष रहने की स्थिति में बारिश की संभावना और जताई जा रही है। वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते जहां गणेश उत्सव की धूम पर असर पड़ने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर बीते हुये मंगलवार की देर रात हुई बारिश के चलते चीचली के पास से निकली हुई सीतारेवा नदी में बाढ़ की स्थिति बनने के चलते गांगई व चीचली के बीच बना हुये पुल के ऊपर से पानी होने के कारण ग्राम गांगई, रायपुर, चांदनखेडा, छैनाकछार सहित कुछ गाई का पीतल नगरी चीचली से संपर्क टूट गया था। समाचार लिखे जाने तक चीचली सीतारेवा नदी का पानी पुल के ऊपर चल रहा था। ज्ञात हो कि यह नदी छिंदवाडा जिले के जंगलों से निकली हुई होने के कारण जब जंगल क्षेत्र में बारिश होती है तो इस नदी में बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पाती है। वैसे भी बुर्जुगों का कहना है कि इस सीतारेवा नदी की एक मर्यादा है जिसके चलते जिस गति से नदी में बाढ़ आती है उसी गति से उतार ही होता है।

## जश्ने ईद मिलाद दुन्नवी पर नगर में कल निकलेगा जामा मस्जिद से जुलूस

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म जन्मदिवस जश्ने ईद मिलादुन्नवी पर कल 5 सितंबर दोपहर 1.30 बजे जामा मस्जिद से मक्का मदीने का तुगरा झांकी के साथ नाते पाक गुनगुनाते हुये जलसा जुलूस निकलेगा जिसकी



तैयारिया बडे जोरों से चल रही है। इस संबंध में हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब ने बताया कि मुस्लिम समुदाय द्वारा तकरीर, मजलिस, नात ख्वानी, जलसा जुलूस के माध्यम से पैगंबर मोहम्मद साहब के भाईचारा, इंसानियत, और न्याय के संदेश को जन जन के बीच पहुँचाया जा रहा है। जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे, जिसमें अल्लाह की इबादत के साथ-साथ सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया जाएगा। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके मस्जिदों को विद्युत साज सज्जा से रोशन किया गया है इसके साथ ही नगर में अनेक स्थानों पर शानदार सजावट की गई है। नगर के शक्ति चौक पर मदीना शरीफ का रोजा तैयार कर सुंदर साज सज्जा की गई है। इसी तरह बावडी अखाड़ा कमेटी ने जुलूस के लिए तुगरे तैयार कराए है। मलंग बाबा भी तशरीफ ला रहे हैं। छोटी मस्जिद के सामने, मुन्ना मिस्त्री के सामने , श्याम टाकीज मार्ग सहित नगर में अनेकों स्थानों पर सजावट की जा रही है। वही जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जलसे की जानकारी देते हुए बताया कि कल 5 सितंबर को दोपहर 1 बजे बजे नए बस स्टैंड बावड़ी अखाड़ा से मोहम्मदी जुलूस तैयार होकर जमा मस्जिद पहुंचेगा ओर वहा से दोपहर 2 बजे जुलूस प्रारंभ होगा जो शुक्रवारा बाजार, शिवालय चौक, शक्ति चौक, मुन्ना मिस्त्री, महावीर भवन, पानी की टंकी, छोटी मस्जिद पहुंचेगी वहा से वापस महावीर भवन,चावड़ी, चौकी, झंडा चौक, सराफा, पुरानी गल्ला मंडी, पुराने बस स्टेंड ,गंज स्कूल से जामा मस्जिद में संपन्न होगा। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस इंसानियत और मोहब्बत के साथ एकता का पैगाम देते हुए निकलेगा। मुस्लिम समाज ने स्थानीय प्रशासन ,पुलिस विभाग, नगर पालिका परिषद से जुलूस में प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा जताई गई है।



## आमगांव छोटा में आयोजित हुई जिला स्तरीय शालेय रस्सी कूद प्रतियोगिता

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमगांव छोटा के शासकीय उ मा विद्यालय में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के वार्षिक खेल कैलेंडर के अनसार बीते हये दिवस जिला स्तरीय शालेय रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन पीटी आई मुकेश पटैल के निर्देशन में किया गया। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता में बालक/बालिका 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं ने सहभागिता की गई।



वही प्रतियोगिता का शुभारंभ आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र का पूजन करने के साथ किया गया। तद्योपरांत शिक्षकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने जौहर दिखाये। प्रतियोगिता में प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे ने अपने उदबोधन में कहा कि खेल इस तरह की विधा है कि वह मनोरंजन प्रदान करने के साथ साथ मानव जीवन को स्वस्थ बनाती है। इसलिये हर व्यक्ति को कम से कम एक घंटे खेलना जरूरी है। क्योंकि हम जो मेहनत चाह कर भी नही कर पाते है। मगर किसी भी खेल को खेलने के दौरान संपूर्ण शरीर का व्यायम हो जाता है। आज बड़े ही प्रसन्नता का विषय है कि छात्र छात्राओं ने रस्सीकूद खेल में अच्छा खेल दिखाया है। इसी प्रकार से पूर्व प्राचार्य विजेंद्र कौरव ने कहा कि बरसात होने के बावजूद छात्र छात्राओं ने उपस्थित होकर अपनी सक्रियता का परिचय दिया है वह उल्लेखनीय है। क्योंकि किसी भी खेल में बडे स्तर पर पहुंचने के लिये उसकी शुरूआत गांव से ही की जाती है। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमति लेखा साहू ने किया। वही इस प्रतियोगिता के आयोजन में अशोक झारिया, सुबोध साहू, के के दुबे, मधु सूदन पटैल, अभिषेक सोनी,अजय सोनी, कपिल उपाध्याय, आरिज खान, पूजा वर्मा, ज्योति धानका, अजीत उपाध्याय सहित संस्था के छात्र छात्राये मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर पहुंची चोट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम बसुरिया निवासी परमानंद पिता चेतराम वर्मा उम्र 50 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि जब वह अपनी मोटर साईकिल क्रमांक MP49MG8077 अपने खेत बारहाबड़ा की ओर जा रहा था रहा था। इसी दौरान सालीचौका की ओर से आ रही मोटर साईकिल के चालक अभिषेक पिता काशीराम अहिरवार द्वारा अपनी मोटर साईकिल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये टक्कर मारकर चोट पहुंचाई जिसके चलते पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## सीआईएसएफ इकाई द्वारा एनटीपीसी क्षेत्र में उल्लास के साथ मनाया जा रहा है गणेश उत्सव



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय जहां संपूर्ण क्षेत्र गणेश उत्सव की धूम में मग्न आते हुये देवा की पूजन में लगा हुआ है। इसी प्रकार से समीपस्थ एनटीपीसी क्षेत्र में भी सीआईएसएफ इकाई जीएसटीपीपी में सीआईएसएफ संरक्षिका परिवार द्वारा भगवान गणपति जी की स्थापना की गई है। जानकारी के अनुसार यहां पर जहां प्रतिदिन अनेक प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजन करते हुये बड़े ही धूमधाम से सिद्धि विनायक संकट को हरने वाले गणपति बप्पा की आराधना की जा रही है। इसी तारतम्य में बच्चों द्वारा धार्मिक संस्कृति के आधार पर देवी देवताओं की वेशभूषा धारण करते हुये अनेक प्रकार की प्रस्तुति देते हुये देखे जा रहे है। इन आयोजनों में इकाई प्रमुख उप कमांडेंट श्रेय कुमार पाण्डेय एवं संरक्षिका अध्यक्षीका श्री मति शालनी पाण्डेय द्वारा के मार्ग दर्शन में बच्चों को अनेक प्रकार की झांकिया बनाने में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। वही रतन सिंह पडियार, सह समादेष्ठा, कृष्ण कुमार पचौरी सह समादेष्ठा, जितेन्द्र रघुवंशी लायजन आफिसर और CISF के अन्य बल सदस्य एवं उनके परिजनों द्वारा बच्चों को विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड गाडरवारा (श्रीमान अजय सिंह यादव)**
जुगल किशोर चौरसिया......वादी
बनाम
गोविन्ददास बगैरह..प्रतिवादीगण
प्र. स. न. 226/2025
RCSA-29/2021
आदेश दिनांक - 20/08/2025
पेशी दिनांक - 16/09/2025

**नोटिस का प्रकाशन**

इस न्यायालय में वादी जुगल किशोर चौरसिया आत्मज काशीराम चौरसिया, निवासी निरंजन वार्ड गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म. प्र.) ने गोविन्ददास बगैरह के विरूद्ध एक व्य. वाद क्र. 29 अ/2021 प्रस्तुत किया है जिसमें आप प्रतिवादी क्रम (8) पूनम पुत्री स्व. श्री गनेश माहेश्वरी, (9) मोनिका पुत्री स्व. श्री गनेश माहेश्वरी दोनों निवासी पुरानी गल्लामंडी गाडरवारा, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) को इस इश्तहार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 16/09/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसको समस्त तथ्यों की जानकारी हो उपस्थित रहे। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा। नोट- यदि पेशी दिनांक को न्यायालय में अवकाश रहता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य तिथि पर होगी। निर्धारित तिथि उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
गाडरवारा
दिनांक- 20/08/2025
सील (श्रीमान अजय सिंह यादव)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म. प्र.)

**खबर संक्षेप**

## डिंडौरी जिले को मिला राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। जिले ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (NMNF) योजना अंतर्गत 50 क्लस्टर का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिले में 07 स्थानों पर इनपुट रिसोर्स सेंटर (BRC) की स्थापना की जाएगी। इन केंद्रों के माध्यम से 1.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें प्रत्येक दो किश्तों में 50,000-50,000 रुपये मिलेंगे। बीआरसी का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु आवश्यक जैव आदान तैयार करने में सक्षम बनाना है। जो किसान स्वयं जैव-आदान तैयार नहीं कर सकते, उनके लिए यह केंद्र उच्च गुणवत्ता के जैव-आदान का उत्पादन कर उपलब्ध कराएंगे। इन केंद्रों में बायोगैस, गोमूत्र, गोबर की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य आवश्यक सामग्री का भी प्रबंध होगा। किसानों को इन केंद्रों की स्थापना व संचालन हेतु इंट्रस्ट ग्रुप, एफपीओ, एफपीसी, पंजीकृत गौशाला, अन्य पंजीकृत संस्थाएं, सहकारी समितियां एवं 'आत्मा' संगठन के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इच्छुक समूह या संस्थाएं 15 सितंबर 2025 तक अपने आवेदन संबंधित दिशा-निर्देशों के साथ 'आत्मा' जिला डिंडौरी में जमा कर सकते हैं। बीआरसी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान बीटीएम एवं एटीएम जिला और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

## उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी। स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज डिंडोरी में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने हेतु उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाकोशल प्रांत पूर्णकालिक श्री मनोहर लाल पथरोल जी एवं जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रूप में श्री भानु प्रताप मरावी (ब्लॉक समन्वयक करंजिया), श्री हरीश विश्वकर्मा (जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच), सुश्री शिल्पी साहू (जिला सह-संयोजक स्वावलंबी भारत अभियान), श्री योगेश पंचभाय (स्वावलंबी भारत अभियान) तथा प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज दिंडोरी श्री गिरीश खाड़े मंचासीन रहे।

### कार्यशाला की मुख्य झलकियाँ

1. युवाओं को स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यमिता के महत्व से अवगत कराया गया।
2. स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा पर विशेष चर्चा हुई।
3. विशेषज्ञों ने बताया कि स्वरोजगार से न केवल व्यक्ति बल्कि समाज और राष्ट्र मजबूत होता है।
4. युवाओं को रोजगार सृजन में आगे आने और स्टार्टअप संस्कृति अपनाने का आह्वान किया गया।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उद्यमिता संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## कलेक्टर ने दिए शिक्षकों की उपस्थिति और बच्चों के नामांकन पर दिए निर्देश

# समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनपद शिक्षा केन्द्र करंजिया अंतर्गत संचालित समग्र शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।




कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बैठक के दौरान समस्त बीएसी, बीआरसी और प्राचार्य को विद्यालय में शिक्षा स्तर में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वर्तमान में निरीक्षण के दौरान छात्रों की शैक्षणिक स्तर कमजोर देखा गया है इसलिए अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करते हुए शिक्षण स्तर में गुणवत्ता लाई जाए ताकि बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आ सके। इसके बावजूद भी आपके द्वारा लापरवाही की जाती है तो आपके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने सबसे पहले पाठ्यपुस्तक वितरण, साइकिल वितरण एवं गणवेश प्राप्ति के लिए छात्र-छात्राओं के खातों के समय पर अपडेट की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र विद्यार्थियों तक लाभ समय पर पहुंचे, इसके लिए कार्य में प्रगति लाएं।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने जनशिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षक नियमित रूप से और पूरे समय विद्यालय में उपस्थित रहें। उन्होंने बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में प्रतिदिन गूगल शीट पर उपस्थिति दर्ज की जाए। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने उपस्थित संकुल प्राचार्यों से कहा कि उनके संकुल के अंतर्गत यदि कोई शिक्षक अनुपस्थित या कार्य में लापरवाही बरतता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जाए। साथ ही विकासखंड में शत-प्रतिशत नामांकन की स्थिति की समीक्षा करते हुए, उन्होंने विद्यालय छोड़ चुके बच्चों (शाला त्यागी) के लिए उचित पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनपद पंचायत करंजिया में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर निर्माणाधीन मां की बगिया, नर्मदा परिक्रमा पथ, वृक्षारोपण, मानव दिवस कार्यक्षेत्र की समीक्षा, पीएम आवास, कूप निर्माण, सीपरी ऐप, तालाब निर्माण, अमृत तालाब एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर निर्माण किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सचिव, रोजगार सहायक, उपयंत्री, सहायक यंत्री, सीईओ जिला पंचायत, एसडीएम बजाग, पटवारी, तहसीलदार, एनआरएलएम ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने सचिव पटवारी रोजगार सहायक को मंगलवार को नियमित रूप से जनसुनवाई एवं निर्माण कार्यों को विशेष ध्यान देकर पूर्ण किए जाएं और निर्माण कार्यों से संबंधित एजेंसियों को समय पर भुगतान किया जाए। कलेक्टर ने एनआरएलएम के मैदानी अमले से विभागीय योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए, जिसमें एनआरएलएम विभाग के विकासखंड प्रभारी प्रबंधक श्री मोती सोनवानी करंजिया ने बताया कि मुझे आज तक चार्ज नहीं दिया गया है जिस पर सहायक विकासखंड प्रबंधक श्री शिवमंगल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी के साथ साथ मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के डीपीएम जिला परियोजना प्रबंधक के द्वारा विकासखंड स्तर की विभागीय गतिविधियों का समीक्षा के दौरान पूर्ण जानकारी न प्रस्तुत करना और अपने कर्मचारियों के साथ अच्छा समन्वय न स्थापित करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# शहपुरा में BRC, BAC एवं CAC का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जनपद शिक्षा केंद्र शहपुरा में BRC, BAC एवं CAC अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जीवन कौशल विकास सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर सत्रों की मॉनिटरिंग एवं गुणवत्ता सुधार पर केंद्रित रहा।

प्रशिक्षण के दौरान वर्ष 1 एवं वर्ष 2 के मॉड्यूल, 11 जीवन कौशल तथा दोनों मॉड्यूलों के बीच अंतर पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को SQMF (Session Quality Monitoring Form) के उपयोग की जानकारी दी गई, साथ ही Power BI डैशबोर्ड पर सत्र ट्रैकिंग व रिपोर्टिंग की प्रक्रिया समझाई गई।

कार्यक्रम में विद्यालय स्तर पर सक्षम लोग, मेरी सीख की दीवार, समय सारणी अवलोकन, मेरी सीख की कॉपी एवं बाल कैबिनेट जैसे बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2 के सत्र क्रमांक 7 का डेमो सत्र प्रस्तुत किया गया तथा चैटबॉट रिपोर्टिंग से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया गया।

इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री पी. डी. पटैल, विकासखंड स्रोत समन्वयक श्री गुरु साहू, ब्लॉक मास्टर ट्रेनर श्री मनीष कुमार साहू एवं सहित अन्य समस्त CAC BAC उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जनशिक्षक एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को विद्यालयों में संचालित होने वाले सत्रों की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करना था। अधिकारियों ने इसे शिक्षा की गुणवत्ता सुधार एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# भूमि दानदाता के कारण बच्चों को मिला छात्रावास का तोहफा





डिंडौरी।

विकासखंड डिंडौरी के ग्राम पाकर बघर्रा के बच्चों और ग्रामीणों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा, जब वर्षों से लंबित जूनियर बालक छात्रावास की मांग पूरी हुई। इस उपलब्धि के पीछे शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के सतत प्रयास और ग्राम के गणमान्य नागरिक श्री नंदू सिंह नेताम के भूमि दान का बड़ा योगदान रहा।

ग्राम में लंबे समय से छात्रावास निर्माण की मांग की जा रही थी, लेकिन उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण कार्य अटका हुआ था। इस बीच, श्री नंदू सिंह नेताम ने अपनी निजी भूमि दान कर एक मिसाल कायम की। उनके इस योगदान से निर्माण का रास्ता साफ हुआ और विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने उच्च अधिकारियों से संपर्क कर सर्वसुविधायुक्त छात्रावास का निर्माण सुनिश्चित कराया।

छात्रावास के लोकार्पण के अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। ग्रामीणों ने भी इस सुविधा को गांव के विकास में मील का पत्थर बताया। विधायक श्री धुर्वे ने भूमि दानदाता श्री नंदू सिंह नेताम का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। अब इस छात्रावास में रहकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के प्रति हार्दिक धन्यवाद और

# स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

### मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने और सर्पदंश बचाव पर जोर

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में बुधवार को विकासखंड करंजिया में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए ठोस कदम उठाने और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर विशेष जोर दिया गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, जिसमें प्रथम त्रैमासिक पंजीयन भी शामिल हो। उन्होंने संस्था में चार बार अनिवार्य जांच कराने और सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का अनमोल पोर्टल में डेटा एंट्री समय पर करने पर बल दिया। साथ ही, सीएचओ को गर्भवती माताओं की तृतीय एवं चतुर्थ जांच अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए गए।

सर्पदंश से होने वाली मौतों की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं सीएचओ को क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश पीड़ित व्यक्ति का झाड़-फूंक न कराएं, बल्कि तुरंत स्वास्थ्य संस्थान या अस्पताल में 108 वाहन के माध्यम से उपचार सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान रैतवार, जाडासूरूंग एवं भुसण्डा की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं—सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता—द्वारा मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम में उदासीनता बरतने पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



## जल जीवन मिशन के तहत टंकी बनी पाइप लाइन बिछाया पर पानी सप्लाई अभी तक नहीं

### खाल्हे डुलहरी में नाले का प्रदुषित पानी पीने को मजबूर बैगा जनजाति ठेकेदार और अधिकारियों की मनमानी पड़ रही भारी

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी। शासन प्रशासन द्वारा विकास के बड़े बड़े दावे किए जा रहे हैं परन्तु जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है कहीं सड़क नहीं तो कहीं बिजली नहीं और कहीं पानी नहीं है।आलम ये है कि बैगा जनजाति के लोग बरसाती नाले का प्रद्रुषित पानी पी रहे हैं। डिंडौरी जिले के विकास खंड मेंहदवानी के नजदीकी ग्राम पंचायत डुलहरी के पोषक ग्राम खाल्हे डुलहरी में निवासरत बैगा जनजाति के परिवार नाले का प्रदुषित पानी पी रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां तीन हेडपंप हैं जिसमें पानी नहीं है जिससे लोगों के सामने पीने का पानी नहीं मिल रहा है। मजबूरी में बरसाती नाले का पानी पी रहे हैं। बाकी दिनों में नदी में बने बांध के पानी का उपयोग कर रहे हैं। जल जीवन मिशन हुआ फेल केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम खाल्हे डुलहरी में पाइप लाइन बिछा दिया गया है और घरों में नल कनेक्शन लगा दिया गया है परन्तु अधिकारियों और ठेकेदार की अनदेखी के चलते अभी तक हर घर नल,हर घर जल पहुंचने का लक्ष्य पूरा होते नहीं दिख





रहा है जिससे गांव में जल संकट गहराया हुआ है और ग्रामीण नाले का प्रद्रुषित पानी पी रहे हैं।बढ़ा बीमारियों का खतरा बैगा बाहुल्य ग्राम खाल्हे डुलहरी निवासी कविता बाई, फुलझरिया बाई,बुद्धन बाई,सोहनियां बाई,कली बाई,अनीता, सरोजनी बाई,जिन्दो बाई,सोनवति,छोटी बाई,प्रताप सिंह,चमरु सिंह,दशरथ, सुरेश, फूलचंद सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीने का पानी नहीं है जिसके चलते हम लोग नाले का प्रद्रुषित पानी पी रहे हैं जिससे गम्भीर बीमारियों का खतरा बना हुआ है।उन्होंने शासन प्रशासन से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# कुपोषित बच्चों की निगरानी और आंगनबाड़ी में उपस्थिति बढ़ाने पर दिया जोर

डिंडौरी।

**कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड करंजिया के जनपद पंचायत सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। बैठक के दौरान उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।**



कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कहा कि जिले में कुपोषण को समाप्त करने के लिए लगातार प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी करने, पोषण आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

बैठक में कम प्रगति वाले सेक्टरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम और जिला कार्यक्रम अधिकारी को ऐसे सेक्टरों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

कलेक्टर ने महिला बाल विकास द्वारा संचालित मातृत्व प्रसूति, और मातृ वंदना योजना की महिलाओं को ऑनलाइन पोर्टल पर रजिस्टर्ड किया जाए ताकि उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। इसी के साथ गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को नियमित रूप से पोषण आहार एवं नियमित जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनवाडी सुपरवाईजर, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, सीडीपीओ, डीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनवाडी में आने वाले बच्चों के साथ खुश रहकर मां की तरह व्यवहार करें ताकि बच्चे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति हो सके उनके समय को खेल, पढाई, नाश्ता, भोजन पेंटिंग, ड्रॉइंग, खिलौने आदि का अलग अलग टाइम टेबल के अनुसार गतिविधियां संचालित करें। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने अंत में कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं का उद्देश्य केवल आंकड़ों में सुधार करना नहीं, बल्कि वास्तविक रूप से बच्चों और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है, जिसके लिए सभी स्तर पर टीम वर्क और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, डीपीसी रावेन्द्र मिश्रा, बीआरसी अजय राय, बीईओ एसके पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीएचई अफजल इमाम उल्ला, आरईएस एसडीओ कशिश नायक, जिला ई-गर्वनेंस प्रबंधक दीपक साहू बीईओ, बीआरसी, संकुल प्राचार्य सहित शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डोल ग्यारस पर निकली बांके बिहारी की शोभायात्रा



**तेंदूखेड़ा।** विगत वर्षों की तरह जल झूलनी एकादशी पर नगरिया मंदिर से बांके बिहारी की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर पूजन अर्चन किया। बांके बिहारी जी को पुजारी मुहल्ला में जल बिहार के उपरांत हर साल की तरह श्रद्धालुओं के द्वारा जगह जगह विमान रोककर पूजन अर्चन भजन कीर्तन किये जायेंगे।

### सेवानिवृत हुए बीएम पाठक



**गोटेगाँव।** विगत दिवस कृषि विभाग गोटेगाँव मे लगातार 40 वर्ष की सेवा कृषि विस्तार अधिकारी पद पर रहकर इसी पद सेवानिवृत हुए. बीएम पाठक ने कृषि विभाग गोटेगाँव मे अपनी सेवा किसानों के बीच में रहकर अपने मधुर व्यवहार के कारण अपनी विभागीय कार्यों को भली-भांति करते रहे और किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाते रहे. आपने कृषि विभाग में कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर सेवा की शुरुआत की थी और इसी पद पर 40 वर्ष रहकर सेवानिवृत हुए हैं. श्री पाठक जी के विदाई कार्यक्रम में विकासखंड गोटेगांव के वरिष्ठ के विकास अधिकारी आर एन त्रिपाठी एवं कृषि विभाग से सेवानिवृत हुए सी एस पटेल डीसी नेमा वीके श्रीवास्तव टीआर पटेल एवं कृषि विस्तार अधिकारी डीपी मेहरा एसके वासनिक पूजा जैसानी तरुण यादव संजय ठाकरे संजय अलाँसे पवन पटेल राजनंदनी मेहरा नीलिमा गढपाल आयुष मेहरा अंजलि नीखरा गायत्री सोनी कीर्ति चौधरी आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पदस्थ श्रीमती चंद्रप्रभा श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति उपरांत विदाभिनंदन समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। श्रीमती श्रीवास्तव ने 1995 से 2025 तक अनवरत अपनी सेवाएं देते हुये पूर्ण निष्ठा,लगन तत्परता व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल अभिभावक मूलचंद सेन पूर्व आचार्य श्रीमती प्रेमवती सोनी, श्रीमती सुमन गुप्ता, मुन्नालाल सराठे, अरूण दुबे, गंगाराम विश्वकर्मा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, के अलावा परिवार की ओर अगवानी करते हुए विदाई दी गई।

**जिम्मेदारों की अनदेखी का दंश झेल मुक्तानंद विद्यालय**

## जीर्णोद्धार की राह देख रहा संस्कृत विद्यालय

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नगर राम वार्ड में स्थिति श्री मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय अपने जीर्णोद्धार की राह देख रहा है। विद्यालय की स्थिति इतनी दयनीय है कि कभी भी अनेहोनी हो सकती है विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को हमेशा भय बना रहा है वही जिम्मेदार लोगों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। श्री मुक्तानंद संस्कृत स्कूल की स्थिति चिंताजनक हो गई है। यह वही पाठशाला है, जहां से दो पीठों के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज ने शिक्षा प्राप्त की थी। शारदा पीठ के वर्तमान शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज भी इसी पाठशाला के छात्र रहे हैं। जो अब दयनीय स्थिति मे है।**



**धन के आभाव मे जर्जर हुआ विद्यालय**

नगर के श्री मुक्तानंद विद्यालय मे कभी सैंकड़ो की संख्या मे छात्रों की उपस्थिति रहती है लेकिन समय के परिवर्तन और व्यवस्थाओं की कमी के कारण धीरे धीरे छात्रों की संख्या कम होती जा रही है और वर्तमान में इस संस्कृत स्कूल में लगभग 15-20 गरीब परिवारों के बच्चे पढ़ते हैं। वही भवन की स्थिति इतनी जर्जर है कि छत से पानी टपकता है, शिक्षकों की कमी है और बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। इसका प्रबंधन का कार्य एक निजी संस्था के पास है। जिसके अध्यक्ष अपने पैसों से बिजली बिल का भुगतान करते हैं। स्कूल के रखरखाव और विकास के लिए धन की कमी है। छात्र और संस्था के पदाधिकारी शासन-प्रशासन से पाठशाला के पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि संस्कृत जैसे पुराना विषय की पढ़ाई पूरी गरिमा के साथ हो।

**छात्रों ने लगाई मदद की गुहार**

श्री मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों द्वारा प्रशासन व लोगों से मदद की गुहार लगाई जा रही है। ज्ञात हो कि यह विद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाली पाठशाला है जो आज अपने अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रही है। छात्र मीडिया के माध्यम से समाज और शासन से मदद की अपील कर रहे हैं। उनकी मांग है कि इस गौरवशाली परंपरा को जीवित रखा जाए और यहां से फिर से संस्कृत विद्वानों की नई पीढ़ी तैयार हो सके। शंकराचार्यों की पाठशाला में न शिक्षक, न सुविधाएं नरसिंहपुर की संस्कृत पाठशाला में छत से टपकता पानीय छात्र और संस्था पुनर्निर्माण किया जाए।

**जिले का गौरव था विद्यालय**

जिले संचालित श्री मुक्तानंद संस्कृत विद्यालय जिले वासियों के लिए गौरव भी जहां पर अध्ययन करने वाले छात्र धर्म सम्राट जैसे पदो पर भी विराजमान हुए तथा जिले सहित भारतवर्ष मे संस्कृत भाषा के महत्व व स्वारूप को बढ़ाया लेकिन आज वही विद्यालय अपने जीर्णोद्धार की वाह जो रहा है। ज्ञात हो कि उक्त विद्यालय मे अध्ययन करने वाले छात्र समाज मे धर्म तथा संस्कृति को बढ़ाने एवं धार्मिक पूजन पाठ कराने का कार्य करते है। विद्यालय के ना होने के से समाज धर्माचार्यों की भी कमी होगी जो समाज के लिए चिंता का विषय है। उक्त विद्यालय को बचाने के लिए समाज के सभी वर्गो को मिलकर आगे आना चाहिए जिससे हमारी संस्कृति पर आघात ना हो सके।



## नारी कल्याण संगठन ने मनाया 5 दिवसीय गणपति उत्सव

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नारी कल्याण संगठन प्रत्येक वर्ष 5 दिवसीय गणपति उत्सव मनाता है। इसमें श्री गणेश स्थापना से विसर्जन तक, प्रत्येक दिन कुछ नए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जैसे पूजन - अर्चन , रामायण के सुंदरकांड का पाठ, संगठन द्वारा संचालित सिलाई सेंटर की छात्राओं की रंगोली प्रतियोगिता, संगठन द्वारा ही संचालित बाल मंदिर के नन्हे बच्चों को यूनिफॉर्म , मिठाई और खिलौने वितरण, सदस्य महिलाओं के लिए मनोरम गेम्स आदि का आयोजन। संगठन की सभी महिलाओं ने इस वर्ष भी बहुत उत्साह से सम्मिलित होकर उत्सव को सफल बनाया। सचिव श्रीमती ज्योति चौहान ने गणपति बप्पा से विश्व शांति के लिए प्रार्थना कर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।







## 4 नशा तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे : 1.50 लाख की 12 ग्राम स्मैक ; 2 किलो गांजा बरामद



नरसिंहपुर । नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को दबोच दिया है । बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के परिपालन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड़ की कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। नया बाजार, गोटेगांव से एक स्मैक का कारोबारी गिरफ्तार।आरोपी : शिवम उर्फ बिट्टू अहिरवार निवासी नया बाजार, गोटेगांव।लगभग ₹1,25,000/- कीमत की 12 ग्राम अवैध स्मैक जप्त। आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 21 (बी), 29 - एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मेला ग्राउण्ड झौतेश्वर से 3 अवैध गांजे के कारोबारी गिरफ्तार।आरोपी 1 :* गोपाल पटैल, निवासी ग्राम उमरिया, थाना गोटेगांव। आरोपी 2 :* नीलकुण्ड दुबे, निवासी ग्राम मरिया, थाना गोटेगांव।आरोपी 3 :* रविशंकर नामदेव, निवासी, धूमा, जिला सिवनी। जप्ती :* लगभग ₹25,000/- कीमत का 2 किलोग्राम अवैध गांजा एवं 1 मोटर साईकिल। वैधानिक कार्यवाही :* आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 21 (बी), 29 - न.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## मंत्री, विधायक अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुंबई चातुर्मास में पहुंचकर पादुका पूजन



**गोटेगांव।** मुंबई में विराजमान अनंत श्री विभूषित पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के मुंबई में दिव्य एवं भव्य चातुर्मास व्रत कथा अनुष्ठान में लगातार संपूर्ण नरसिंहपुर जिला क्षेत्र गोटेगांव से पहुंच रहे हैं गुरु भक्त, इसी पुनीत अवसर पर मंडला सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री फगनसिंह कुलस्ते गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे पूर्व जनपद अध्यक्ष पंडित संतोष दुबे ठेकेदार शक्तिसिंह राजपूत नंदराम पाठक रितेश पांडे ने चातुर्मास व्रत कथा अनुष्ठान में मुंबई पहुंचकर शंकराचार्य महाराज श्री का पादूका पूजन कर आशीर्वाद लिया साथ ही चातुर्मास कथा अनुष्ठान में हो रहे विभिन्न धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर स्वामी श्री के मुखारविंद से अमृतमय प्रवचन सुनकर भक्ति भाव का आनंद लिया वहीं उपस्थित स्वामी श्री जी के प्रवचनों के उपरांत श्री कुलस्ते श्री नागेश श्री चौकसे ने महाराज श्री के प्रति अपनी गुरु भक्ति रूपी भावनाएं व्यक्त की साथ ही बताया इतना विशाल क्षेत्र और इतनी साफ सफाई एवं अद्भुत व्यवस्थाओं को देखकर मन श्रद्धा से ओतप्रोत हो गया एवं व्यवस्थाओं में लगे गुरु जी के सभी शिष्यों व विप्रजनों को सादर प्रणाम पूज्य गुरु जी के चरणों में बारंबार नमन किया।

## समर्पण, विनय से ही प्राप्त होता है ज्ञान- प्रबुद्ध सागर

### उपवास में प्रदर्शन नहीं, बल्कि जिनेन्द्र भगवान के दर्शन करो

**गोटेगांव।** पर्यूषण पर्व के अवसर पर नगर में विराजमान मुनि श्री प्रबुद्ध सागर महाराज ने कहा कि आहार वीतरागी साधु की देह को पोषित करने ,स्वादिष्ट भोजन करने या फिर पेट को बढ़ाने के लिए नहीं दिया जाता। बल्कि आहार तो आगम अनुसार साधु के तप को बढ़ाने के लिए दिया जाता है। क्योंकि वह वीतरागी पथ पर अग्रसर साधु होता है। वह कोई मोही,रागी, स्वादु नहीं होता। उन्होंने कहा कि अनशन दो प्रकार से किया जाता है एक अनशन अपनी किसी मांग की पूर्ति के लिए प्रदर्शन कर किया जाता है और दूसरा अनशन स्वयं अपने कर्मों को तपाने के लिए उपवास व्रत करके किया जाता है। इसके लिए आपको पंचेद्रियों की क्रियाओं का भी त्याग कर उपवास, व्रत, एकासन करना चाहिए। व्रत, उपवास, एकासन के दौरान सिर्फ धार्मिक क्रियाएं ही करना चाहिए। आपको दिन भर सोकर आराम करने में , टीवी देखने में या मोबाइल चलाने में अपना समय नहीं व्यतीत करना है। यदि आप ऐसा करते हैं तो यह आपका धार्मिक अनशन नहीं है। अनशन तो तभी है जब भोजन त्याग के साथ ही आप दिन भर जिनेंद्र भगवान की भक्ति करो। ध्यान रखना कि आप उपवास तो करो लेकिन जमकर भोजन मत करना, बल्कि उपवास में भी कम भोजन करना ही उच्चदर्शीय तप होगा। उपवास के दिन आपको अच्छी सामायिक करना चाहिए। जिनेंद्र भगवान की अच्छी भक्ति करना चाहिए। आपको इधर-उधर घूम कर समय नष्ट नहीं करना चाहिए। उपवास में तो शरीर और इंद्रियों से आपको दूर हो जाना चाहिए। आप शरीर की चाकरी मत करो।अपनी आत्मा को विस्मृति



करके आप शरीर का जो ध्यान रख रहे हो वह सब बेकार है।शास्त्रों में व्रतों का कठोर आचरण लिखा है। दिन के अनुसार रसी का त्याग भी करना चाहिए तभी त्याग सफल माना जाता है। उपवास करते समय आत्म बल मजबूत होना चाहिए आपको किसी भी प्रकार से मरण का या अन्य किसी प्रकार का भय नहीं करना चाहिए। चाहे परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों ना हो आपको संकल्प पूर्वक लिए गए उपवास व्रत को उतना ही कठिनता के साथ पालन करना चाहिए जिससे की आत्म कल्याण हो सके। मुनिश्री ने कहा कि साधु का पद श्रेष्ठ पद होता है। वह नीरस आहार को भी रुचि के साथ ग्रहण करता है। साधु कभी भी किसी भी प्रकार से आहार को अरूचिकर नहीं समझता। साधु के आहार की, वैयावृति की एक पद्धति होती है। श्रावकों को उस पद्धति का पालन करना चाहिए। आहार एवं वैयावृत्ति के आपको महान फल प्राप्त होते हैं। आप सभी श्रावकों को भी सदैव इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आपको उतना ही उपवास,व्रत पालना चाहिए, जिससे मन में कोई आकुलता व्याकुलता न हो और यदि आपने संकल्प लिया है तो फिर हरेक स्थिति में व्रत का पालन भी करना ही चाहिए। यदि आप उपवास के दौरान या अनशन के दौरान आपके सामने भोजन में नीरस आहार भी आता है तो भी आपके मन में शांति धार्मिकता होनी चाहिए। मन में भोजन की कोई चाहत, अशांति,आवेश या कषाय नहीं आनी चाहिए। क्योंकि आपको भोजन नहीं बल्कि आपकी अंतरंग आत्मा का रस मिला है। बाहरी रस से आपको आनंद नहीं मिलेगा। आपको विचलित किसी भी स्थिति में नहीं होना है। वीतरागी कभी भी अपनी देह को नहीं देखता जबकि रागी तो सदैव अपनी देह को ही संजाने संवारने में लगा रहता है। आप अपनी काया को जितना कष्ट दोगे उतनी ही आपकी काया कष्टमय होकर आपके कर्मों की निर्जरा होगी।

मुनि श्री ने कहा कि यह सिद्धांत है कि जब तक आप विकृति से ऊपर उठ नहीं पाते। तब तक आप किसी को कुछ भी नहीं बता सकते हैं। विकृति किसी भी प्रकार को हो वह सदैव सम्यक दर्शन में बाधक होती है। यदि आप में कोई विकृति है और आप में गुण भी हैं। तब भी आपके गुणों का विकास उस विकृति के चलते नहीं हो पाता है। किसी वस्तु या विषय को जानने,मानने से आपको घमंड अभिमान पैदा नहीं होना चाहिए। ज्ञान तो कभी भी घमंड को उत्पन्न नहीं करता, ज्ञान कभी भी कोई अभिमान नहीं करता। यह अभिमान,मद तो अज्ञानता की परिणिति है। अज्ञानता के कारण ही व्यक्ति को मद आ जाता है। उस मद अभिमान को दूर करने का उपाय अज्ञानी का तिरस्कार करना नहीं है, बल्कि हमें ज्ञानी की शरण लेना है। जिन्होंने भी ज्ञान प्राप्त किया है। उन्होंने वह ज्ञान, घमंड या अभिमान से प्राप्त नहीं किया है। बल्कि समर्पण से, विनय से ही ज्ञान प्राप्त होता है। ध्यान रखना कि मद का परिणाम अर्थ से अनर्थ हो जाता है। लेकिन यह सब अज्ञानी भी आपके तिरस्कार या गुस्से के नहीं बल्कि सभी की दया के पात्र हैं। इस बात का आप सदैव ध्यान रखना

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों की बैल्ट परीक्षा सम्पन्न



**गोटेगांव।** विगत दिवस नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में **SKMG** ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों की बैल्ट परीक्षा का आयोजन जिला ताइक्वांडो संघ नरसिंहपुर के अध्यक्ष इंजी.सरदारसिंह पटेल के नेतृत्त्व में किया गया। अतिथि के रूप में राजेश राजपूत समाजसेवी भानु जैन, उमाशंकर छिरा उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल नरेश बरूआ जीवन मेहरा के आतिथ्य में गरिमापूर्ण सम्पन्न हुई, इस परीक्षा में विभिन्न प्रकार की एक्सरसाइज किकस फूमसे हैण्ड टैक्नीक लेग टैक्नीक, के साथ साथ क्योरगी फाइट आदि का समावेश रहा नन्हे नन्हे ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने अतिथियों के समक्ष शानदार प्रदर्शन किया। बैल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इस प्रकार रहे यलो बैल्ट में आवेश पटेल आरव चौकसे भ्यांशी चौधरी निराली जैन नव्या शास्त्री रूद्रप्रताप सिंह राजपूत कृतिका बिषैले तान्या अग्रवाल सौम्या दीक्षित गीतिका झारिया गुंजन झारिया करिश्मा जाटव ओजस रजक। ग्रीन बैल्ट स्वास्तिक राय विवान सेन। ग्रीन वन बैल्ट उत्तीर्ण -पूर्वा विश्वकर्मा वेदांश सोनी प्रिंस पटेल आर्या नामदेव आदित्य कृष्ण नामदेव। ब्लू बैल्ट अयांश राय कृष्णा मेहरा रक्षा मेहरा।रेड बैल्ट सभ्य ताम्रकार। रेड वन बैल्ट उत्तीर्ण अंजलि पटेल अंश मेहरा। सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों द्वारा सफलतापूर्वक बैल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सभी अतिथियों के साथ साथ सीनियर नेशनल ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने नवीन खिलाडियों को बैल्ट प्रदान करने के साथ साथ एडवांस टैक्नीकों का अभ्यास कराया, बैल्ट परीक्षा एग्जामर के रूप में मोहम्मद सुहेल खान ब्लैक बैल्ट सेकेण्ड डांनहरिओमशरण यादव अंकित नामदेव प्रशांत राज साक्षी राकेशिया तथा मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश राकेशिया के निर्देशन में बैल्ट परीक्षा सम्पन्न हुई।

## 15 दिनों से बिजली आपूर्ति की समस्या झेल रहे ग्रामवासी



**गोटेगांव।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत झोतेश्वर के ग्राम श्यामनगर के वाशिंदे विगत 15 दिनों से बिजली आपूर्ति की समस्या झेल रहे है श्यामनगर में जहां ट्रांसफॉर्म के साथ बिजली की केबल भी पूरी तरह खराब हो गई है जिस कारण ग्राम श्याम नगर में बिजली नहीं पहुंच पा रही है इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को सूचना दी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जिस कारण आज सभी ग्रामवासी श्रीनगर बिजली विभाग पहुंचे जहां उन्होंने सहायक अभियंता को ज्ञापन दिया एवं निवेदन किया कि जल्द से जल्द श्यामनगर में बिजली की समस्या से निजात दिलाई जाए वही इस ज्ञापन में परमहंसी गंगा आश्रम से ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज भी उपस्थित हुए उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि श्याम नगर परमहंसी गंगा आश्रम का आंगन है श्याम नगर में लाइट नहीं है अगर बिजली विभाग जल्द से जल्द सुधार नहीं करता है तो वह सभी ग्रामवासियों के साथ में नरसिंहपुर में भी आंदोलन करेंगे। इस मामले में श्याम नगर के ग्राम वासी का कहना है कि हमारे ग्राम में विगत 15 दिन से ट्रांसफार्मर जला हुआ है और सप्लाई के लिए जो केवल है वह भी क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे कि विद्युत सप्लाई में अवरोध बना हुआ है। इसी संबंध में हम सभी लोग विद्युत विभाग आए हैं और जल्द से जल्द हमारी समस्या का निराकरण किया जाए।



## झमाझम बारिश से सड़क मार्ग बंद

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार के सुबह-सुबह हुई जोरदार वारिस से जहां आम जनजीवन प्रभावित हुआ वहीं नदी नाले उफान पर होने के कारण बरमान तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर इमझिरा के समीप बरांझ नदी पर डोभी के समीप पांडाझिर नदी में बाढ़ का पानी होने के कारण सड़क मार्ग बंद रहा। जिससे आवागमन भी बंद बना रहा। गौरतलब रहे कि इन दिनों जोरदार वारिस से विगत वर्षों की अपेक्षा दो गुनी वारिस हो चुकी है। तथा अधिक वारिस से फसलों को लगातार नुकसान होता जा रहा है। और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग परेशान बनें हुए हैं।

## वीरों वीरांगनाओं की शहादत से प्रेरणा लेने की जरूरत

### अंवति बाई लोधी की जन्म जयंती पर बोले अतिथि




**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों तेंदूखेड़ा की कृषि उपज मंडी परिसर में मेकलसुता समीति के द्वारा वीरांगना अवंतीबाई लोधी की 194 वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर एक विशाल रैली के साथ विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्वाजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सरस्वती पूजन के साथ वीरांगना अवंतीबाई क्षेत्र के महान क्रांतिकारी शहीद डेलनशाह नरवर शाह रघुनाथ शाह के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व राज्यमंत्री जालिम सिंह पटेल तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने स्पष्ट किया कि इन शहीदों की शहादत से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है। उनका स्वदेश के प्रति समर्पण की हम जितनी तारीफ करें वह कम होगी आज केवल हम अपने और अपने परिवार तक सीमित रह गये हैं लेकिन उनका समर्पण पूरे समाज के लिए रहा देश को ही उनने अपना परिवार माना ऐसे क्रांति बीरों से



हमें शिक्षा लेनी चाहिए। समर्पित भाव से समाज और देश कल्याण की दिशा में एक जुटता का परिचय देना चाहिए।इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री जालिम सिंह पटेल ने ढिलवार के अमर शहीद डेलन शाह नरवर शाह के स्मारक स्थल पर सामुदायिक भवन बनवाने का आश्वासन दिया वहीं विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने तेंदूखेड़ा में एक चबूतरा निर्माण कर वीरांगना अवंतीबाई डेलन शाह नरवर शाह हृदेश शाह रघुनाथ शाह शंकर शाह की प्रतिमा लगवाने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे हमारी भावी पीढ़ी को शिक्षा मिलेगी। राजा कौशलेंद्र सिंह दिलीप सिंह वर्मा दीवान अर्जुन सिंह जी दीवान शैलेन्द्र सिंह अशोक वर्मा श्रीमती अनीता राजेंद्र सिंह मंजूलता मालक लोधी विष्णु शर्माअशोक वर्मा ठा राघवेंद्र सिंह शोभाराम ठाकुर ठा.रामकुमार सिंह राजेंद्र सिंह ठाकुर देवराज कश्यपदीवान तिलक शाह राजकुमार लोधी इंद्रपाल सिंह वीरेंद्र सिंह लोधी हरीश लोधी लखन पवैया रघुवीर सिंह प्रताप सिंह घनश्याम सिंह सर्वजीत सिंह सहित सभी वक्ताओं ने संबोधित करते हुए बच्चों की शिक्षा पर जोर देने उनकी हर गतिविधि पर नजर रखने अंध विश्वासों से दूर रहने किताबी ज्ञान के साथ धरातलीय व्यवहारिक ज्ञान देने दिखावे शान शौकत में आकर फिजूलखर्ची पर प्रतिबंध लगाने व्यसनों से धन की बर्बादी पर लगाम लगाने बलिदानियों के परिजनों को मान सम्मान देने की बात कही।एक सप्ताह के अथक प्रयासों के चलते आयोजन समीति ने पहली बार जोरदार आयोजन किया गया जिसकी सभी वर्गों के द्वारा सराहना की गई।